नहीं है जिसमें ग्रीष्म ऋतु में जनता को काफी परेशानी होती है

(ख) क्या सरकार का विचार वहां पर जल-शीतक की व्यवस्था करने का है और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) (क) जी हां । खण्डवा स्टेशन पर अभी जल-शीतक नहीं लगाया गया है लेकिन वहां ठंडे पानी की सप्लाई की वैकल्पिक व्यवस्था मौजूद है ।

(ख) जी हां ।

(ग) सवाल नहीं उठता ।

इन्दौर में रेल गाड़ियों में सोने के स्थान का कोटा

4885 श्री गं० च० दीक्षित : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश के पूर्व निमाड़ जिले में दो अन्य नगर बरहानपुर तथा खंडवा होने के बावजूद इन्दौर में बम्बई जाने वाले यात्रियों के लिये दूसरी तथा तीसरी श्रेणी के डिब्बों में केवल एक शयन बर्थ (स्लीपिंग बर्थ) का कोटा ही नियत किया गया है,

(ख) क्या यह भी सच है कि बरहानपुर तथा खण्डवा से बम्बई जाने वाले यात्रियों को बहुत असुविधा होती है

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इस कोटे में वृद्धि करने का है, और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) (क) जी नहीं । तीसरे दर्जे के तीन टियर वाली दो शयन-शायिकाओं का कोटा नं० 58 पठानकोट एक्सप्रेस में इन्दौर के उन यात्रियों के लिए अलग से निर्धारित किया गया है जो खंडवा में चढ़ते हैं ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) और (घ) सवाल नहीं उठता ।

बरहानपुर रेलवे स्टेशन पर पंजाब मेल रेलगाड़ी का रुकना

4886 श्री गं० च० दीक्षित : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार को मालूम है कि बरहानपुर स्टेशन पर पंजाब मेल गाड़ी के न रुकने के कारण बरहानपुर के नागरिकों को बम्बई और भोपाल जाने में बहुत असुविधा होती है

(ख) क्या सरकार का विचार पंजाब मेल गाड़ी को बरहानपुर रेलवे स्टेशन पर रोकने की व्यवस्था करने का है और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) (क) 5 अप/6 डाउन पंजाब डाक गाड़ियां पहले से ही बुरहानपुर स्टेशन पर ठहरती हैं ।

(ख) और (ग), सवाल नहीं उठता ।

मध्य प्रदेश में लघु उद्योग

4887 श्री गं० च० दीक्षित : क्या औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) मध्य प्रदेश के स्टेट बैंक की सभी शाखाओं के पास मध्य प्रदेश के लघु उद्योगपतियों के ऋण प्राप्ति के कितने आवेदन-पत्र अनिर्णीत पड़े हैं तथा कुल कितनी राशि के ऋण मांगे गये हैं,

(ख) क्या सरकार को धन के अभाव के कारण लघु उद्योगपतियों को होने वाली कठिनाइयों की जानकारी है, और

(ग) क्या अल्पकालिक तथा दीर्घ कालिक ऋण देकर राज्य के स्टेट बैंक की सहायता करने के लिये रिजर्व बैंक से अनुरोध करने का सरकार का विचार है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री. फखरुद्दीन अली अहमद) (क) से (ग). जानकारी इकट्ठी की जा रही है और वह सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।